साहित्य अकादेमी

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पूर्णतः वित्तपोषित स्वायत्तशासी संस्था, अपने प्रधान कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता में निम्नलिखित पद हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है :

1. संपादक (अंग्रेज़ी)

पदों की संख्या : एक (अनारक्षित)
पदस्थान : नई दिल्ली
वेतनमान : पे बैंड-III/15600-39100/ग्रेड पे - 6600

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. साहित्य के क्षेत्र में आधिकारिक योग्यता।
3. भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा साहित्यिक समुदाय से अच्छा संपर्क।
4. अंग्रेज़ी की साहित्यिक पत्रिकाओं एवं पुस्तकों के संपादन का पाँच वर्षों का अनुभव।
5. अंग्रेज़ी के अलावा एक या एक से अधिक भारतीय भाषाओं का अच्छा ज्ञान।
6. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. अंग्रेज़ी साहित्य में शोध/वाचस्पति की उपाधि।
2. पत्रकारिता में डिग्री/डिप्लोमा।
3. शोधकार्य का अनुभव/प्रकाशित शोध आलेख/कृतियाँ।
4. साहित्यिक अनुवाद का अनुभव।

आयु सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु-सीमा में छूट)

2. उप-सचिव (बिक्री)

पदों की संख्या : एक (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)
पदस्थान : नई दिल्ली
वेतनमान : पे बैंड-III/15600-39100/ग्रेड पे रु.- 6600

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाष में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समतुल्य व्यावसायिक योग्यता।
2. बिक्री प्रबंधन में डिप्लोमा।
3. भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा पुस्तक विक्रेताओं, वितरकों और एजेंटों से संपर्क।
4. अंग्रेज़ी के अलावा एक या एक से अधिक भारतीय भाषाओं का अच्छा ज्ञान।
5. प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थान में बिक्री प्रबंधन में पाँच वर्षों का अनुभव और बिक्री संवर्धन की नवीनतम विधियों का ज्ञान।
6. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित करने का अनुभव।
2. साहित्यिक समुदाय के साथ अच्छा संपर्क।

आयु सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)

3. क्षेत्रीय-सचिव

पदों की संख्या : एक (अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)
पदस्थान : कोलकाता
वेतनमान : पे बैंड-III/रु. 15600-39100/ग्रेड पे रु.- 6600

शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएँ

अनिवार्य

1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भारतीय भाषा में स्नातकोत्तर उपाधि।
2. भारतीय साहित्य का समुचित ज्ञान तथा साहित्यिक समुदाय से अच्छा संपर्क।
3. साहित्यिक तथा प्रकाशन कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा दस्तावेजों एवं कार्यवृत्तों की प्रोसेसिंग का पाँच वर्ष का अनुभव।
4. अंग्रेज़ी के अलावा संबद्ध क्षेत्र की कम-से-कम एक भाषा का विशेष ज्ञान तथा संबद्ध क्षेत्र के अन्य साहित्यों का समुचित ज्ञान।
5. कार्यालय प्रशासन का अनुभव।
6. सरकारी नियमों, प्रक्रियाओं एवं लेखा का ज्ञान।
7. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का आधारभूत ज्ञान।

वांछनीय

1. साहित्य में शोध/ वाचस्पति की उपाधि अथवा समकक्ष स्तर का प्रकाशित कार्य।
2. स्तरीय प्रकाशित कार्य।
3. पुस्तक प्रकाशन का ज्ञान।

आयु सीमा : 50 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आयु-सीमा में छूट)

जो आवेदक केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्तशासी संस्थानों/प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थाओं में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन कृपया उचित माध्यम से भेजें। पदस्थ को भारत के किसी भी भाग में स्थित साहित्य अकादेमी कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।

आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक/अनुभव/कार्य से संबंधित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ हमारी वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से तीस दिनों के भीतर सचिव, साहित्य अकादेमी, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पते पर पहुँच जाना चाहिए। लिफ़ाफ़े पर जिस पद के लिए आवेदन किया है, उसका उल्लेख होना चाहिए। राष्ट्रीय वृत्तिसेवा (एन.सी.एस.) पोर्टल के तहत पंजीकृत तथा अर्हता शर्तें पूरी करने वाले अभ्यार्थी निर्दिष्ट आवेदन प्रक्रिया हेतु अकादेमी वेबसाइट देख सकते हैं। ई-मेल द्वारा अथवा ज़रूरी प्रमाण-पत्रों के बिना प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in

विज्ञापन सं. सा.अ.50/47/2017

प्रकाशन तिथि : 04 नवंबर 2017

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : 03 दिसंबर 2017